दिन– सोमवार दिनांक– 09 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राज्यभर में पांच सौ चौंतीस मोबाईल पशु चिकित्सा इकाईयों और कॉल सेंटर का शुभारंभ करेंगे।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – प्रदेश के सभी सदर और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका निःशुल्क लगाया जाएगा।

03. प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के पचपन नये मामले मिले। पटना में सबसे अधिक सत्ताईस मरीजों की पुष्टि।

04. और, राज्य में मॉनसून फिलहाल कमजोर पड़ा। मौसम विभाग ने कहा – बारह सितम्बर से फिर सक्रिय होने की संभावना।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पांच सौ चौंतीस मोबाईल पशु चिकित्सा इकाईयों और कॉल सेंटर का लोकार्पण और शुभारंभ करेंगे। पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में आयोजित समारोह में केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा प्रदेश की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी मौजूद रहेंगी।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रदेश के सभी सदर और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में एक अक्टूबर से बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका निःशुल्क दिया जाएगा। श्री पांडेय ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि नौ से चौदह वर्ष की बच्चियों को आधार कार्ड दिखाने पर निःशुल्क टीका मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के पहले चरण के लिए राज्य सरकार ने डेढ़ सौ करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में फिजियोथेरेपिस्ट की बहाली की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यरत फिजियोथेरेपिस्टों को बीस प्रकार के उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे।

---

पटना के ज्ञान भवन में कल से पंचायती राज प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हो रही है। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि इसमें बिहार समेत सत्ताईस राज्यों और पांच केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग तीन सौ प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यशाला का उद्‌घाटन केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह करेंगे। इस कार्यशाला की थीम– सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और सुरक्षित पंचायत रखी गयी है।

---

सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत अब तक एक करोड़ उनासी लाख गतिविधियां आयोजित की गई हैं। एक सितम्बर से शुरू पोषण माह इस महीने की तीस तारीख तक चलेगा। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बताया कि पोषण माह के दौरान खून की कमी, संतुलित विकास, पूरक आहार तथा पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के दौरान एक पेड़ मां के नाम पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है।

---

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न जिलों में पचपन नये मामले दर्ज किए गए हैं। सबसे अधिक सत्ताईस मरीज पटना से मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार एक सौ तेईस मामले सामने आ चुके हैं। पटना के कंकड़बाग, पाटलिपुत्र, कुम्हरार और सिपारा में डेंगू के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। इधर, सीजीएचएस पटना के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राकेश कुमार ने कहा है कि डेंगू होने पर मरीज को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिये।

———बाईट———

---

भारत में एक किशोर में मंकी पॉक्स संक्रमण के संदिग्ध लक्षण मिले हैं। इस किशोर ने हाल ही में मंकी पॉक्स संक्रमण से ग्रस्त एक अफ्रीकी देश की यात्रा की थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रोगी को निर्दिष्ट अस्पताल में अलग रखा गया है और उसके नमूने संक्रमण की पुष्टि के लिए भेजे गये हैं। रोगी की हालत फिलहाल स्थिर है। संभावित स्रोत और जोखिम के आकलन के लिए उसके संपर्को का पता लगाया जा

रहा है। मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण की आशंका की रोकथाम के लिए सभी तैयारियां पूरी हैं।

---

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि आजादी के पचहत्तर साल बाद भी अनुसूचित जातियों का पर्याप्त सामाजिक और आर्थिक विकास नहीं हो सका। जमुई में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति की बाईस जातियों में से मात्र चार जातियों का ही विकास हो सका है।

———बाईट———

---

वस्तु और सेवाकर –जीएसटी परिषद की चौवनवीं बैठक आज नई दिल्ली में होगी। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सितारमण बैठक की अध्यक्षता करेंगी। परिषद की पिछली बैठक इस वर्ष जून में हुई थी।

---

राज्य में मॉनसून फिलहाल कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार पटना समेत अन्य जिलों में बारह सितम्बर से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना है। हालांकि इस बीच अधिकतम तापमान चालीस डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। इधर, विभाग ने आज राज्य के उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, बक्सर, भोजपुर और पटना सहित कई हिस्सों तेज बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटो में प्रदेशभर में मौसम साफ रहने की संभावना है। लेकिन कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

---

राज्य में लोक सेवकों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति यानि डीए का केस डीआईजी रैंक से नीचे के अधिकारी नहीं करेंगे। इसके साथ ही ऐसे मामलों में मुकदमा दर्ज करने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेनी होगी। निगरानी विभाग के प्रधान सचिव अरविंद चौधरी ने इस संबंध में सभी विभागीय प्रमुखों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने

डीए केस करने वाली एजेंसी निगरानी ब्यूरो, विशेष निगरानी इकाई और आर्थिक अपराध इकाई को इस नियम का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उनतीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और दुनियांभर के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की सत्ताईस तारीख तक टोल फ्री नम्बर **एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य** पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा **एक नौ दो दो** पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

---

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने एक ऐसे धोखाधडी के प्रति लोगों को सतर्क किया है, जिसमें जालसाज द्वारा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत पंजीकरण फीस के रूप में आठ हजार रूपये की मांग की जा रही है। फैक्ट चेक इकाई ने कहा कि लोगों को जाली पत्र भेजे जा रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि इस योजना के अंतर्गत उनका आवेदन पंजीकरण फीस देने के बाद स्वीकृत किया जाएगा। सरकार ने इस तरह के किसी भी दावे को खारिज किया है और कहा कि यह पत्र फर्जी है। इधर, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सलाह दी है कि पीएम–कुसुम योजना में रूचि रखने वाले लोगों को पैसे जमा करने या व्यक्तिगत सूचना साझा करने से पहले वेबसाइट की प्रामाणिकता की जांच करनी चाहिए।

---

फ्रांस की राजधानी पेरिस में कल रात पैरालिंपिक्स खेलों का समारोह के साथ भव्य समापन हुआ। पेरिस पैरालिंपिक में पूरे विश्व के एक सौ अड़सठ पैरालिंपिक डेलीगेशन के चार हजार चार सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। अगले पैरालिंपिक खेलों का आयोजन दो हजार अट्ठाईस में लॉस एंजिलिस में होगा। भारतीय दल ने इस वर्ष पैरालिंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सात स्वर्ण, नौ रजत और तेरह कांस्य सहित कुल उनतीस पदकों पर कब्जा किया।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित प्रथम बॉलीबॉल लीग के उद्‌घाटन मुकाबले में मिथिला स्पाईकर्स ने तक्षशिला सर्वर्स को तीन शून्य से पराजित कर दिया। राज्य में पहली बार बॉलीबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। इधर, पटना में संपन्न राज्य जूनियर कैरम चैम्पियनशिप के बालक वर्ग का खिताब आर्यन पंकज और बालिका वर्ग का खिताब शहला परवीन ने जीत लिया।

---

बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने रामगढ़ थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार के खिलाफ अभद्र व्यवहार करने और धमकी देने के संबंध में कैमूर पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है। सांसद ने एसपी ललित मोहन शर्मा से इस संबंध में तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

---

राज्य सभा सांसद डा. फैयाज अहमद ने बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के नूरचक गांव निवासी राजद नेता विष्णुदेव सिंह यादव को मधुबनी जिले का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है।

---

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के कन्हैली गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कारतूस और अन्य हथियार बरामद किये गये हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने केन्द्र सरकार द्वारा राज्य की वार्षिक योजना को मंजूरी दिये जाने से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है – सूबे की नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए मिले छब्बीस हजार सात सौ दस करोड़।

**दैनिक जागरण** ने बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास ट्रेन हादसे को तरजीह देते हुए लिखा है – दो हिस्सों में बंटी मगध एक्सप्रेस, यात्री सुरक्षित।

**दैनिक भास्कर** ने निगरानी विभाग के आदेश के हवाले से लिखा है – भ्रष्टाचार के मामलों में डीआईजी रैंक से नीचे के अफसर अब नहीं करेंगे डीए केस।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – जमीन सर्वे से तय नहीं होगा आपका पारिवारिक बंटवारा। **राष्ट्रीय सहारा** का शीर्षक है – पटना में ऑटो चालकों की हड़ताल स्थगित।

**आज** अखबार ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हवाले से लिखा है – पीओके निवासियों को भारत में शामिल होना चाहिए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राज्यभर में पांच सौ चौंतीस मोबाईल पशु चिकित्सा इकाईयों और कॉल सेंटर का शुभारंभ करेंगे।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – प्रदेश के सभी सदर और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका निःशुल्क लगाया जाएगा।

03. प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के पचपन नये मामले मिले। पटना में सबसे अधिक सत्ताईस मरीजों की पुष्टि।

04. और, राज्य में मॉनसून फिलहाल कमजोर पड़ा। मौसम विभाग ने कहा – बारह सितम्बर से फिर सक्रिय होने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।